11/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के इक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति खन्ना को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ का स्थान लिया है, जिन्होंने कल पद छोड़ दिया था।

00000000000000000

राज्य के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक ने सोमवार को कामले जिले का दौरा किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए एकजुट प्रयास करने का आहवान किया। उन्होंने कहा, 'विकसित अरुणाचल' से 'विकसित भारत' की शुरुआत होगी और यह शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करके किया जा सकता है। राज्यपाल ने सभी जिला विभाग प्रमुखों के साथ केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लाभार्थियों की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी योजनाओं को आगे बढ़ाने के महत्व पर भी जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों से समुदाय के साथ जुड़ने, चल रही परियोजनाओं का मौके पर निरीक्षण करने और सरकारी योजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आग्रह किया।

00000000000000000

सेना भर्ती कार्यालय, जोरहाट इस महीने की अट्ठाईस से उनतीस तारीख तक वेस्ट कामेंग जिले के रूपा में ग्याप्टोंग क्षेत्रीय स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगा। उम्मीदवारों को इस महीने की अट्ठाईस तारीख को सुबह 02:30 बजे रूपा में मार्शलिंग एरिया, ग्याप्टोंग क्षेत्रीय स्टेडियम में रिपोर्ट करना आवश्यक है। उम्मीदवारों के पास रैली अधिसूचना में उल्लिखित एडमिट कार्ड और मूल दस्तावेज होने चाहिए। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार जिन्हें अभी तक अपने एडमिट कार्ड नहीं मिले हैं या वे एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में असमर्थ हैं, उन्हें इसे प्राप्त करने के लिए सेना भर्ती कार्यालय, जोरहाट से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। सेना भर्ती कार्यालय, जोरहाट के हेल्पलाइन नंबर 0376-2333136 और +916901963193 हैं और ARO ईमेल आईडी ap.upper@nic.in है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज मुख्यमंत्री युवा हेल्पलाइन, 24x7 टेलीफोनिक परामर्श सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कल अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने कहा कि, टीम अरुणाचल ने राज्य के युवाओं के समग्र सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण (विभिन्न रणनीति) अपनाया है। उन्होंने कहा, परामर्श और मार्गदर्शन युवाओं को उनके व्यक्तिगत विकास और समग्र कल्याण में मदद करेगा।

000000000000000000

लोकसभा सांसद तापिर गाव ने आज ईस्ट सियांग जिले में पासीघाट स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएससीडीसीएल) के तहत चल रही कई परियोजनाओं का दौरा किया और उनकी प्रगति का जायजा लिया।

सांसद ने परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पीएससीडीसीएल के तहत काम करने वाले सभी ठेकेदारों को उच्च गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करते हुए परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस बीच, सभी ठेकेदारों और पीएससीडीसीएल टीम के साथ अगले महीने की बाईस तारीख को एक समीक्षा बैठक निर्धारित की गई है।

000000000000000000000

लोक सेवा प्रसारणकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए, अतिरिक्त महानिदेशक (एनईजेड), गुवाहाटी के कार्यालय ने लोक सेवा प्रसारण दिवस की पूर्व संध्या पर आज तीन आकाशवाणी स्टेशनों को उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। आकाशवाणी डिब्रूगढ़ को पहला स्थान मिला, जबकि आकाशवाणी इंफाल और आकाशवाणी पासीघाट दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लोक सेवा प्रसारण दिवस की घोषणा महात्मा गांधी की बारह नवंबर, उन्नीस सौ सैतालीस को आकाशवाणी यात्रा के उपलक्ष्य में की गई थी।

0000000000000000

तवांग में केंद्रीय विद्यालय (केवी) के सामने लंबे समय से चल रही प्रशासनिक और शैक्षिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए आज तवांग के उपायुक्त (प्रभारी) के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक नामगे त्सेरिंग ने तिनसुकिया क्षेत्र के उपायुक्त केवी संगठन एनजी सुरजबाला देवी से आग्रह किया कि वे इन महत्वपूर्ण चिंताओं को केवी संगठन के उच्च अधिकारियों तक पहुँचाएँ।

इस संबंध में, सुरजबाला देवी ने उच्च अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने का आश्वासन दिया और केवी तवांग के साथ निकट संपर्क बनाए रखने और स्कूल की प्रगति की निगरानी करने और इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से दौरा करने का वचन दिया।

00000000000000000

तवांग में प्रधानमंत्री श्री की पहल के तहत बैगलेस डे गतिविधि के तहत आज जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) तवांग में पारंपरिक मोनपा ऊनी कपड़े तैयार करने पर एक विशेष कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एआरएसआरएलएम), तवांग के मार्गदर्शन में अमा पांडेन ल्हामू प्राथमिक स्तरीय संघ द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान, ग्यांगखर गांव के विशेषज्ञों को स्थानीय रूप से प्राप्त भेड़ के ऊन से और पारंपरिक हथकरघों का उपयोग करके ऊनी वस्त्र बनाने के स्वदेशी तरीकों का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

0000000000000000

पलिन के सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल पुरा तागो का आज सुबह ईटानगर के मोब 2 स्थित उनके निजी आवास पर निधन हो गया वे पेट के कैंसर से पीड़ित। इससे पहले, स्वर्गीय तागो ने डेरा नटुंग सरकारी कॉलेज, ईटानगर, रंगफ्राह सरकारी कॉलेज, चांगलांग, अरुणाचल विश्वविद्यालय, दोईमुख और सरकारी कॉलेज दोईमुख में विभिन्न पदों पर काम किया है।

00000000000000